# ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ

**ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: 61H**
**ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**

**CCE-RF**
**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है। जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I.** **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके क्रमाक्षर सहित पूर्ण रुप से लिखिए।** **8 x 1 = 8**

1. **'पास' शब्द का विलोम शब्द है –**

A. निकट B. समीप

C. करीब D. दूर

2. **निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द है –**

A. आदमी B. शेर

C. हाथी D. बहन

3. **निम्नलिखित में से 'एक वचन' शब्द है –**

A. कहानियाँ B. लोग

C. मछली D. गुफाएँ

4. **'करना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –**

A. करवट B. कारनामा

C. कराना D. कारवायी

5. **'पर्वतारोहण' शब्द में संधि है –**

A. गुण B. दीर्घ

C. यण् D. व्यंजन

6. **'देशप्रेम' शब्द में समास है –**

A. कर्मधारय B. द्विगु

C. तत्पुरुष D. द्वंद्व

**7. नहीं,नहीं, घबराओ नहीं।**
**वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है।**

A. उद्धरण
B. प्रश्नवाचक
C. विस्मयादिबोधक
D. अल्पविराम

**8. आज ........... युग इंटरनेट युग है।**

A. में
B. का
C. को
D. के

**II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए :** **4 x 1 = 4**

9. जैनुलाबदीन : आशियम्मा :: जलालुद्दीन : ...................
10. नयी चप्पलें : बिस्तर के नीचे दबाया :: पहनने के कपड़े : ................
11. सर एम. विश्वेश्वरय्या : महान अभियंता :: सर सी.वी. रामन : .................
12. बलभद्र : बलराम :: कान्हा : .....................

**III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 x 1 = 4**

13. पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे?
14. लेखक परसाई जी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे?
15. समय के खोने से क्या होता है?
16. हंस का गुण कैसा होता है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 x 2 = 16**

17. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए?
18. अब्दुल कलाम का बचपन कैसे बीता?
19. गाजर के बारे में प्रेमचंद के विचार क्या हैं?

20. दोस्तों की मुलाकात किन-किन जानवरों से हुई?

21. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?

22. बालकृष्ण माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज हैं?

23. शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है?

**अथवा**

सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है?

24. पर्यावरण के प्रति सलमा के क्या विचार हैं?

**अथवा**

झूठ बोलने वालों की हालत कैसी होती है?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 x 3 = 27**

25. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्माजी की ममता का वर्णन कीजिए।

26. धीरज सक्सेना ने रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया?

27. दक्षिणी शिखर पर बचेंद्री के अनुभवों का विवरण दीजिए।

28. कर्नाटक राज्य की शिल्पकला का वर्णन कीजिए।

29. 'बाल शक्ति' की टोली ने गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बनाया?

30. मातृभूमि की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए।

31. 'दिनकर जी' आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे करते हैं?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या, विनय, विवेक।
साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती। अत: गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच – छः वाक्यों में लिखिए : 2 x 4 = 8**

34. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। कैसे ? बताइए।

**अथवा**

सोशल नेटवर्किंग का परिचय दीजिए।

35. निम्नलिखित कविताँश पूर्ण कीजिए :

असफलता ...................... भागो तुम।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 1 = 4**

36. मनुष्य प्रकृति पर निरंतर प्रहार करता जा रहा है। अब उसका परिणाम सामने आया है। प्रकृति का विकोप बढ़ रहा है। जैसे जल मालिन्य से जलचर मर रहे हैं। पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। वायु मालिन्य के कारण 'अम्लवर्षा' हो रही है। इससे साँस से संबंधित बीमारियाँ फैल रही हैं। अब आदमी की आँखें खुल गयी हैं। वह प्रदूषण को दूर करने के उपाय सोच रहा है।

i) प्रकृति का विकोप क्यों बढ़ रहा है ?

ii) पानी पीने योग्य नहीं रह गया है, क्यों ?

iii) साँस से संबंधित बीमारियाँ क्यों फैल रही हैं ?

iv) अब मनुष्य क्या सोच रहा है ?

**VIII. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4**

37. (क) आबादी की समस्या

* विषय प्रवेश
* कारण
* परिणाम
* उपसंहार

(ख) वन महोत्सव

* विषय प्रवेश
* वनों का उपयोग
* वनों का नाश
* उपसंहार

(ग) प्रगतिशील राज्य–कर्नाटक

* परिचय
* प्राकृतिक परिवेश
* कला और साहित्य
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 x 5 = 5**

38. अवकाश के लिए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए, जिसमें अपनी पाठशाला के वार्षिक खेल समारोह का वर्णन हो।